2016-
एप्र एड।

जापान में निवासियों के रूप में पंजीकृत विदेशियों के लिए- व्यक्तिगत संख्या (मेरा नंबर) के बारे में जानकारी

हिंदी

जनवरी 2016 से शुरू, सामाजिक सुरक्षा और टैक्स संख्याएं (व्यक्तिगत नंबर या "मेरा नंबर" भी कहा जाएगा) का इस्तेमाल सामाजिक सुरक्षा, टैक्स और आपदा प्रतिक्रिया के क्षेत्रों में किया जाता है।

1. व्यक्तिगत संख्या क्या है?

।व्यक्तिगत संख्या (उपनाम "मेरा नंबर") 12 अंकों की संख्या है जो सामाजिक सुरक्षा और टैक्स संख्या प्रणाली के तहत जापान में रहने वाले व्यक्तियों को दिए गए हैं। इनका उपयोग सामाजिक सुरक्षा, टैक्स और आपदा प्रतिक्रिया के क्षेत्रों में किया जाता है। यह प्रणाली, प्रशासनिक पारदर्शिता को बढ़ाने, जनता के लिए अधिक से अधिक सुविधा लाने, और एक निष्पक्ष और न्यायसंगत समाज बनाने के लिए एक सामाजिक बुनियादी ढांचे के रूप में कार्य करती है।
जापान में निवासियों के रूप पंजीकृत विदेशियों (मध्यम अवधि के निवासियों, विशेष स्थायी निवासियों, आदि) को भी उनके व्यक्तिगत नंबर प्राप्त होंगे।

2. आपके व्यक्तिगत संख्या की अधिसूचना

- यदि आप जापान में एक निवासी के रूप में पंजीकृत हैं, तो आपका व्यक्तिगत नंबर उस अधिसूचना कार्ड पर छपा होगा जिसे आपने अपने पंजीकृत पते के नगर निगम के कार्यालय से प्राप्त किया है।
  (अधिसूचना कार्ड की अवधि कभी समाप्त नहीं होती। अपना अधिसूचना कार्ड न फेंकें। आपको इसे सुरक्षित रखना चाहिए।)
- वे विदेशी, जो मध्यम-से-लंबी अवधि के निवासी के दर्जे के साथ जापान में प्रवेश करते हैं वे अपना व्यक्तिगत नंबर, निवासी पंजीकरण के समय प्राप्त करेंगे।

3. व्यक्तिगत नंबर का उपयोग कब करें

- आप टैक्स प्रक्रियाओं के लिए टैक्स कार्यालय में अपना व्यक्तिगत नंबर पेश करेंगे जैसे 2016 और उससे आगे की कर विवरणी दाखिल करते समय
- आप अपने नियोक्ता को अपना व्यक्तिगत नंबर, टैक्स और सामाजिक सुरक्षा प्रक्रियाओं में उपयोग करने के लिए उपलब्ध कराएंगे।
- आप अपना व्यक्तिगत नंबर, टैक्स प्रक्रियाओं के लिए प्रतिभूति फर्मों और बीमा कंपनियों को उपलब्ध करायेंगे।
- आप अपना व्यक्तिगत नंबर, कल्याण लाभ प्राप्त करने के लिए और राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा और नर्सिंग देखभाल बीमा कार्यक्रम के तहत प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए, नगर निगम के कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे।
- अन्य देशों को पैसे भेजने या प्राप्त करने के लिए बैंक या पोस्ट ऑफिस को अपना व्यक्तिगत नंबर उपलब्ध करायेंगे।

ध्यान दें- उपरोक्त प्रक्रिया में, आपके व्यक्तिगत नंबर का प्रयोग करने वाला संगठन (1) नंबर की वैधता और (2) धारक की पहचान की पुष्टि करते हुए, पहचान संबंधी धोखाधड़ी को रोकेगा।
चूंकि अधिसूचना कार्ड केवल संख्या को सिद्ध कर सकता है, आपको अपना व्यक्तिगत पहचान पत्र (जैसे, निवास कार्ड, विशेष स्थायी निवासी प्रमाण-पत्र) प्रस्तुत करना होगा।

4. व्यक्तिगत नंबर कार्ड (मेरा नंबर कार्ड) क्या है?

- अपने व्यक्तिगत संख्या से संबंधित किसी भी प्रक्रिया में यह कार्ड व्यक्तिगत संख्या और पहचान, दोनों सिद्ध करता है। यह आपके आधिकारिक आईडी कार्ड भी होगा।
- आप व्यक्तिगत संख्या कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के कई विकल्प उपलब्ध हैं, जैसे अपने चेहरे की एक फोटो संलग्न कर के आवेदन प्रपत्र (अपने अधिसूचना कार्ड के साथ प्राप्त) को

मेल द्वारा वापस करना या पीसी या स्मार्टफोन के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना। पहली बार कार्ड नि: शुल्क जारी किया जाता है।

- ◆ एक बार जब आप व्यक्तिगत संख्या कार्ड के लिए आवेदन करते हैं तो आपको एक पोस्टकार्ड प्राप्त होगा जिसमें लिखा होगा कि आपका कार्ड जारी किये जाने के लिए तैयार है। आप (1) इस पोस्टकार्ड, (2) अपना अधिसूचना कार्ड, और (3) अपना व्यक्तिगत आईडी (निवास कार्ड, आदि) लाकर नगर निगम के कार्यालय से अपना कार्ड ले सकते हैं। जारी करने के समय आपको एक व्यक्तिगत पहचान संख्या तय करने की आवश्यकता है।
- ◆ आपका व्यक्तिगत संख्या कार्ड, जारी करने के बाद दसवें जन्मदिन तक मान्य है अगर आपकी आयु 20 वर्ष या उससे अधिक है या पांचवें जन्मदिन तक अगर आपकी आयु 20 वर्ष से कम है। ध्यान दें कि आपकी आवास अवधि या अन्य शर्तों पर निर्भर करते हुए, समाप्ति की तारीख भिन्न हो सकती है।
- ◆ कार्ड में एक IC चिप होती है जो, ऑनलाइन टैक्स रिटर्न और अन्य प्रक्रियाओं के लिए उपयोग किये जाने वाले एक इलेक्ट्रॉनिक प्रमाण-पत्र को स्टोर कर सकती है।
- ◆ कुछ नगर पालिकाओं में, इस कार्ड का उपयोग, सार्वजनिक सेवाओं को प्राप्त करने (जैसे, सार्वजनिक पुस्तकालय सेवाएँ, मुहर पंजीकरण प्रमाण-पत्र जारी करने) के लिए या किसी सुविधापूर्ण दुकान पर अपने निवास प्रमाण पत्र की प्रति प्राप्त करने के लिए किया जा सकता है।
- ◆ इस IC चिप में, कार्ड के ऊपर आपका नाम, पता, व्यक्तिगत संख्या, और अन्य जानकारी मुद्रित होंगे। इसमें कोई भी अत्यधिक संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी, जैसे आपकी आय, दर्ज नहीं की जाएगी।
- ◆ व्यक्तिगत संख्या कारड प्राप्त करने के बाद भी, आपको अपना निवास कार्ड, विशेष स्थायी निवासी प्रमाण-पत्र, आदि रखना होगा।

5. व्यक्तिगत संख्या को सम्भालने में सावधानियां

- ◆ अधिसूचना कार्ड या व्यक्तिगत नंबर कार्ड में अंकित पता या अन्य जानकारी को अद्यतन करने की जरूरत हो तो नगर निगम के कार्यालय से संपर्क करें।
- ◆ जब तक कानून द्वारा अनुमति न दी जाये, किसी भी व्यक्ति को व्यक्तिगत नंबर का इस्तेमाल या इकट्ठा करने की अनुमति नहीं है। जब भी कोई आपसे आपका व्यक्तिगत संख्या पूछता है, तो सुनिश्चित कर लें कि उसे कौन और किस प्रयोजन के लिए इस्तेमाल करेगा।
- ◆ कोई भी व्यक्ति जो अवैध रूप से दूसरों का व्यक्तिगत नंबर प्राप्त करता है उसे दंडित किया जाएगा।
- ◆ लापरवाही में, दूसरों को अपना व्यक्तिगत नंबर न बताएं, विशेष रूप से संदिग्ध टेलीफोन कॉल पर।

6. व्यक्तिगत संख्या के बारे में पूछताछ

- ◆ टोल फ्री नंबर, अंग्रेजी, चीनी, कोरियाई, स्पेनिश और पुर्तगाली में उपलब्ध
  0120-0178-26 सामाजिक सुरक्षा और टैक्स नंबर प्रणाली के बारे में पूछताछ
  0120-0178-27 अधिसूचना कार्ड और व्यक्तिगत नंबर कार्ड के बारे में पूछताछ
  9: 30-20: 00 कार्यदिवस, 9: 30-17: 30 सप्ताहांत और राष्ट्रीय अवकाश (वर्ष के अंत पर / नव वर्ष की छुट्टियों में बंद)
  ● हानि या चोरी की वजह से ।अपने व्यक्तिगत संख्या कार्ड के आपात निलंबन के लिए 0120-0178-27 पर फोन करें 24/7 उपलब्ध।

- ◆ व्यक्तिगत संख्या के बारे में जानकारी कई भाषाओं में निम्नलिखित वेबसाइटों पर उपलब्ध है-
  - कैबिनेट सचिवालय: http://www.cas.go.jp/jp/seisaku/bangoseido/
  - जे-एलआईएस: https://www.kojinbango-card.go.jp/